प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से ग्यारहवीं बार तिरंगा फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया।

02. प्रधानमंत्री ने कहा– उनकी सरकार ने सुशासन की संस्कृति पर जोर दिया है। युवाओं का देश के सिस्टम पर विश्वास बढ़ा है।

03. श्री मोदी ने कहा– सभी देशवासी मिलकर देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित बनाने का लक्ष्य हासिल करेंगे।

04. और, प्रदेश में भी धूम–धाम से मनाया जा रहा है स्वतंत्रता दिवस। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में तिरंगा फहराया।

——————————————————

राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। स्वतंत्रता के सतहत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश भर में जश्न और उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्यारहवीं बार नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। आजादी के महान पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुये प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि देश में किये जा रहे सुधारों का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में स्टार्टअप आगे आ रहे हैं।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद लोगों को माई–बाप के कल्चर से गुजरना पड़ा, लेकिन उनकी सरकार ने इसे सुशासन की संस्कृति में बदला है। उन्होंने कहा कि नीति और नियत सही हो तो परिणाम मिलता है। श्री मोदी ने हर सेक्टर में नयापन और उसे तकनीक से जोड़ने की जरूरत पर बल दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं का देश के सिस्टम पर भरोसा बढ़ा है। आज दुनियाभर में भारत की साख मजबूत हुई है।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि देश के एक सौ चालीस करोड़ नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर एक संकल्प लेकर चले तो हर चुनौती को पार कर देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित बना सकते हैं।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र रक्षा और राष्ट्र निर्माण करने वाले किसानों, जवानों, युवाओं, माता–बहनों, शोषित, वंचित वर्ग के लोगों की देश के प्रति निष्ठा विश्व के लिए प्रेरणा है। श्री मोदी ने कहा कि एक समय था जब लोग देश के लिए मरने के लिए प्रतिबद्ध थे और आजादी मिली। अगर देश के लिए मरने की प्रतिबद्धता देश को आजादी दिला सकती है तो देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता देश को समृद्ध बना सकती है। देशवासियों ने विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लिए अनगिनत सुझाव दिए हैं। इसमें हर देशवासी का संकल्प झलकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के कई पहल किये जा रहे हैं। उन्होंने बिहार के नालंदा विश्वविद्यालय के पुनर्निमाण का उदाहरण सामने रखा।

———बाईट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सेना काफी मजबूत है और यह सर्जिकल स्ट्राईक भी करती है।

———बाईट——

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने बार–बार समान नागरिक संहिता, यूसीसी की चर्चा की है। श्री मोदी ने कहा कि आज जो सिविल कोड है वह कम्यूनल सिविल कोड है। उन्होंने कहा कि जो कानून धर्म के आधार पर समाज को बांटता है यानि कम्यूनल सिविल कोड की जगह सेक्यूलर सिविल कोड को लागू करने की आवश्यकता है।

———बाईट———

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली के लाल किले पर आयोजित समारोह के लिए विशेष अतिथि के रूप में पंचायती राज संस्थाओं के चार सौ निर्वाचित प्रतिनिधियों और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के एक सौ साठ से अधिक क्षेत्रीय पदाधिकारी शासित हो रहे हैं। बिहार की नौ महिला मुखिया समेत पंचायत प्रतिनिधि के अलावा अन्य इकसठ लोग भी विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में पटना जिले के फुलवारी शरीफ में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा के रुप में कार्यरत ज्योति कुमारी ने यादगार क्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

———बाइट———

वहीं, वैशाली जिले के भगवानपुर प्रखंड के सामुदायिक केंद्र में ए एन एम के रूप में कार्यरत अनुराधा कुमारी ने इसे गर्व का क्षण बताया।

———बाइट———

———————————————————————————

इधर, प्रदेश में भी अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य राजकीय समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर श्री कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य ने पिछले कुछ वर्षों में हर क्षेत्र में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हमारा स्तर बेहतर हो रहा है।

———बाईट———

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विधानसभा परिसर में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह और पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चन्द्रन ने तिरंगा फहराया। आकाशवाणी पटना के प्रांगण में उप निदेशक आर. के. मिश्रा ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख राज कुमार नाहर और अन्य अधिकारी तथा कर्मी मौजूद थे। भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों, संस्थाओं के कार्यालयों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहाराया गया। विभिन्न जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि हर जगह जश्न का माहौल है। स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालयों और निजी संस्थानों में भी ध्वजारोहण का कार्यक्रम चल रहा है। प्रदेश के महादलित गांवों और टोलों में विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति झंडोत्तोलन कर रहे हैं। इधर, प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों के नेतृत्व में जगह–जगह अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। नेपाल से सटे जिलों की सीमा को सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये लोगों को शुभकामनांए दी है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि स्वतंत्रता दिवस उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करने और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है, जिनके बलिदान ने औपनिवेशिक शासन से आजादी दिलाई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा कि विकास योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, यही स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष

तेजस्वी यादव, समेत अन्य मंत्रियों और विधायकों ने भी प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी है।

———————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीरता पुरस्कार के लिए सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के एक सौ तीन कर्मियों का चयन किया गया है। इनमें चार कीर्ति चक्र हैं जिसमें से तीन मरणोपरांत दिए जा रहे हैं, अठारह शौर्य चक्र हैं, जिनमें से चार मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। वीरता पुरस्कारों में तिरसठ सेना वीरता पदक हैं, जिनमें से दो मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। ग्यारह नौसेना वीरता पदक और छह वायु सेना वीरता पदक भी हैं। इसके साथ ही विभिन्न सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मरणोपरांत आर्मी डॉग केंट सहित उनतालीस मेंशन–इन–डिस्पैच को भी पुरस्कृत किया जा रहा है। वहीं, भारतीय तटरक्षक कर्मियों को विशिष्ट सेवा, वीरता और सराहनीय सेवा के लिए भी पुरस्कृत किया जायेगा। इधर, इस वर्ष राज्य के तेईस पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय पुलिस पदक दिये जाने की घोषणा की गई है। इनमें पांच को पुलिस गैलेंट्री अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। दारोगा आशीष कुमार को मरणोपरांत यह सम्मान मिला है। वहीं, आरक्षी रोहित रंजन, अक्षय कुमार, दुर्गेश कुमार यादव और विजेन्द्र कुमार को यह सम्मान दिया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रपति पदक पाने वालों में एडीजी, संजय सिंह और डीएसपी राजेश कुमार शर्मा भी शामिल हैं।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है–जम्मू–कश्मीर में आतंकियों से मुठभेड़, कैप्टन शहीद।

दैनिक जागरण लिखता है– बिहार निवासी राहुल नवीन बने ईडी निदेशक।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– पटना का ट्रीटमेंट प्लांट फेल, गंगा में रोज गिर रहा तीन सौ करोड़ लीटर गंदा पानी।

प्रभात खबर ने लिखा है– जमीन किसी की, पैंसठ लाख रूपये का मुआवजा किसी और को दिया। अमीन के खिलाफ पटना के गांधी मैदान थाने में प्राथमिकी दर्ज।

आज अखबार की सुर्खी है– पटना के होटल से सिपाही भर्ती का एडमिट कार्ड बरामद। तीन संदिग्ध गिरफ्तार, पूछताछ जारी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्र आज अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से ग्यारहवीं बार तिरंगा फहराया और राष्ट्र को संबोधित किया।

02. प्रधानमंत्री ने कहा– उनकी सरकार ने सुशासन की संस्कृति पर जोर दिया है। युवाओं का देश के सिस्टम पर विश्वास बढ़ा है।

03. श्री मोदी ने कहा– सभी देशवासी मिलकर देश को दो हजार सैंतालीस तक विकसित बनाने का लक्ष्य हासिल करेंगे।

04. और, प्रदेश में भी धूम–धाम से मनाया जा रहा है स्वतंत्रता दिवस। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में तिरंगा फहराया।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।